हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शनिवार 21 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 33 डिग्री
न्यूनतम 19 डिग्री

13 एग्रीस्टेक पंजीयन, चना खरीदी और पशुधन ...



14 युवाओं के सकारात्मक विचार से बदलेगा देश...





## खबर संक्षेप

### प्लेसमेंट कैम्प 23 को, 490 पदों पर होगी भर्ती

**धमतरी।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र धमतरी द्वारा 23 फरवरी को प्रातः 11 से शाम 4 बजे तक जिला रोजगार कार्यालय कम्पोजिट बिल्डिंग, कलेक्टर कार्यालय के पास धमतरी में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इस प्लेसमेंट कैम्प में निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठित नियोजक द्वारा बीमा सखी, इंश्योरेंस एडवाइजर (ग्रामीण एवं शहरी अभिकर्ता), फील्ड ऑफिसर कलेक्शन ऑफिसर सहित कुल 490 पदों पर भर्ती की जाएगी।

### किसान-व्यापारी संगोष्ठी 22 को

**नगरी।** तहसील साहू समाज नगरी के तत्वावधान में तहसीलस्तरीय किसान, व्यापारी संगोष्ठी का आयोजन 22 फरवरी रविवार को किया जा रहा है। यह कार्यक्रम दोपहर 12 बजे तहसील साहू सदन नगरी में आयोजित होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता तहसील साहू समाज नगरी सिहावा के अध्यक्ष कंवलराम साहू करेंगे। विशेष अतिथि आधुनिक कृषि विशेषज्ञ एवं किसान रवि अवस्थी तथा आधुनिक कृषक नगरी पीयूष साहू होंगे।

### भूगोल की प्रायोगिक परीक्षा 23 को

**धमतरी।** शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय में बी.ए. भाग-2 एवं बी.ए. भाग-3 की भूगोल प्रायोगिक परीक्षा 23 फरवरी को प्रातः 9 बजे से निर्धारित की गई है। नियमित एवं स्वाध्यायी छात्राएं प्रायोगिक रिकॉर्ड एवं अन्य आवश्यक उपकरण के साथ निर्धारित समय से 30 मिनट पूर्व महाविद्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित होवें। अनुपस्थित होने पर संबंधित छात्राएं स्वयं जिम्मेदार होंगी।

### वार्षिक प्रायोगिक परीक्षाएं 23 फरवरी से

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी में बीसीए भाग-2 एवं 3 तथा बीएससी (गणित) भाग-3 की वार्षिक प्रायोगिक परीक्षाएं 23 फरवरी से प्रारंभ होंगी। 23 फरवरी को बीसीए भाग-2 (प्रोग्रामिंग इन C ++), भाग-3 (जावा लैब) की परीक्षा होगी। 24 फरवरी को बीएससी गणित प्रोजेक्ट वर्क, बीसीए आईटी व पायथन तथा बीकॉम भाग-3 (वीबी एवं डीबीएमएस) की परीक्षा आयोजित होगी। 25 फरवरी को बीसीए डीबीएमएस एवं डॉट नेट लैब की परीक्षा संपन्न होगी। परीक्षार्थी निर्धारित समय से आधा घंटा पूर्व आवश्यक सामग्री सहित उपस्थित हों। अमहाविद्यालयीन छात्र फॉर्म की हार्ड कॉपी व शुल्क रसीद साथ लाएं।

### जहर सेवन से महिला की मौत

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से महिला ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार द्रोपतीबाई साहू पति चिंताराम उम्र 50 वर्ष वार्ड क्रमांक 22 मगरलोड निवासी घरेलू काम करती थी। गुरुवार को महिला घर में कीटनाशक दवाई का सेवन कर अचेत पड़ी हुई थी। शाम को उसका पुत्र ग्राम भरदा से वापस लौटा तब अपनी मां को बेहोशी की हालत में पड़ा देख उपचार के लिए मगरलोड अस्पताल ले गया। जहां से रिफर करने पर महिला को मसीही अस्पताल धमतरी में भर्ती कराया गया जहां डाक्टर ने चेकअप के बाद महिला द्वारा जहर सेवन करने की आशंका बताई। अस्पताल में भर्ती महिला की रात्रि में इलाज के दौरान मौत हो गई। चौकी पुलिस ने शुक्रवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। महिला द्वारा जहर सेवन करने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

---

हरिभूमि-आईएनएच न्यूज का जिला संवाद कार्यक्रम हरदिहा साहू समाज भवन में हुआ

# पांच साल तक धमतरी ने डार्क एज झेला : अजय

### विकास बनाम हकीकत : धमतरी में सियासी दावों की खुली परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छत्तीसगढ़ सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर धमतरी में आयोजित जिला संवाद कार्यक्रम ने विकास के दावों को कठोर सवालों की कसौटी पर परखा। हरदिहा साहू समाज भवन में आयोजित इस बहस में जनप्रतिनिधियों, प्रशासन और जनता के बीच खुलकर चर्चा हुई।

कार्यक्रम की अगुवाई करते हुए प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने सीधे और सटीक सवालों से माहौल को गंभीर बना दिया। उनका स्पष्ट सवाल था कि स्वीकृत योजनाएं जमीन पर कितनी उतरी हैं और धमतरी अपेक्षित गति से क्यों नहीं बढ़ पाया।

पूर्व मंत्री एवं कुरूद विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि पिछला कार्यकाल विकास की दृष्टि से ठहराव का दौर रहा। उन्होंने दावा किया कि बीते दो वर्षों में जिले में आधारभूत ढांचे को मजबूत करने की दिशा में काम हुआ है।

उन्होंने बताया कि ऑडिटोरियम, बस स्टैंड, फोरलेन सड़क, रेल कॉरिडोर और भारतमाला परियोजना जैसे कार्य प्रगति पर हैं। मेडिकल कॉलेज को नीतिगत विषय बताते हुए उन्होंने कहा कि इसके लिए बड़े बजट की आवश्यकता है। धान खरीदी बोनस, आवास और अन्य योजनाओं को भी उन्होंने उपलब्धि बताया।



डॉ. हिमांशु द्विवेदी के साथ अजय चंद्राकर, रूपकुमारी चौधरी, रामू रोहरा, रंजना साहू



डॉ. हिमांशु द्विवेदी ओंकार साहू, मोहन लालवानी, रामू रोहरा, अरूण सार्वा से चर्चा करते हुए



कलेक्टर अबिनाश मिश्रा एवं एसपी सूरज सिंह परिहार ने प्रशासन और कानून व्यवस्था पर चर्चा की

#### सकारात्मक सोच से आगे बढ़ रहा धमतरी

जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि 250 करोड़ रुपये के विकास कार्य स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से कई धरातल पर हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि राजस्व विभाग के अधिकांश कार्य ऑनलाइन हो चुके हैं और राइस मिलिंग प्रक्रिया में पारदर्शिता लाई गई है। उनके अनुसार यह बदलाव समयबद्ध और व्यवस्थित विकास की दिशा में कदम है।

#### केंद्र-राज्य के समन्वय से मिली गति

सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के तालमेल से जिले को नई रफ्तार मिली है। उन्होंने ऑनलाइन व्यवस्था को भ्रष्टाचार नियंत्रण का प्रभावी माध्यम बताया।

#### सरकार का पूरा सहयोग नहीं मिलता

डॉ. द्विवेदी ने धमतरी विधायक ओंकार साहू से पूछा कि दो साल में धमतरी के लिए आपने क्या किया। विधायक ने जवाब दिया कि उनका सफर कांटों भरा ताज जैसा रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार का पूरा सहयोग नहीं मिलता। 4 करोड़ रुपये के विकास फंड में से 1 करोड़ अब तक नहीं मिला और 1 करोड़ की कटौती कर दी गई। शेष 3 करोड़ से शहर और गांवों में कार्य कराए जा रहे हैं। आगे कहा कि अतिरिक्त विकास कार्यों के लिए वे मुख्यमंत्री, प्रभारी मंत्री और विभागीय मंत्रियों को पत्र लिखते हैं, लेकिन स्वीकृति का श्रेय विपक्ष ले जाता है। साथ ही 300 करोड़ की स्वीकृति पर विपक्ष की आतिशबाजी को कागजी विकास करार देते हुए उन्होंने सरकार को जुमलेबाज बताया।

#### जनता बुलाकर स्वागत करती है तो इसमें मेरी क्या गलती

डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने नगर निगम महापौर रामू रोहरा से सवाल दागा कि आप पर आरोप है कि आप विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों का श्रेय लेने की कोशिश कर रहे हैं। महापौर ने स्पष्ट किया कि वे नगर निगम के साथ-साथ प्रदेश भाजपा महामंत्री भी रहे हैं। जहां समस्या दिखती है, वहां मुख्यमंत्री व मंत्रियों को पत्र लिखकर कार्य स्वीकृत करवाते हैं। उन्होंने कहा कि जनता बुलाकर स्वागत करती है तो इसमें मेरी क्या गलती। उन्होंने बताया कि 300 करोड़ की स्वीकृति में बस स्टैंड, ऑडिटोरियम, नालंदा परिसर, तीन प्रमुख मार्गों का चौड़ीकरण समेत कई निर्माण कार्य शामिल हैं। आईएनएच के स्टेट ब्यूरो शैलेश पांडे के सवाल पर पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष मोहन लालवानी ने कहा कि धमतरी मुख्यालय को उसका हक नहीं मिल रहा, जिसका वे पुरजोर विरोध करते हैं।

#### गोकुल नगर अब तक नहीं बस पाया, स्कूल और गौठान बंद हो रहे

जिला पंचायत सदस्य कविता बाबर ने आरोप लगाया कि प्रदेश में दो साल से विकास शून्य है। पूर्व मुख्यमंत्री की योजनाएं बंद हो गईं। 326 स्कूल बंद हुए और केवल नाम परिवर्तन हो रहा है।

पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीशु चंद्राकर ने कहा कि पिछली सरकार की घोषणाएं मूर्त रूप ले चुकी थीं, पर वर्तमान सरकार में किसान परेशान हैं। गोकुल नगर अब तक नहीं बस पाया, स्कूल और गौठान बंद हो रहे हैं।

जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने कहा कि 370 ग्राम पंचायतों में विकास कार्य जारी है। सड़क, आवास, महतारी वंदन और जन-मन योजनाओं पर काम हो रहा है।

पूर्व विधायक रंजना साहू ने दावा किया कि दो साल में करोड़ों के कार्य हुए हैं और धान खरीदी पारदर्शिता से हुई है।

भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं की है और जनता की सेवा ही लक्ष्य है।





#### कानून व्यवस्था नियंत्रित

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि बजट और सीएसआर फंड से विकास की गति बढ़ती है। भारतमाला, रेल कॉरिडोर, फोरलेन, बाईपास, बस स्टैंड और नालंदा परिसर के कार्य प्रगति पर हैं। एसपी सूरज सिंह परिहार ने कानून व्यवस्था को पूरी तरह नियंत्रण में बताया। सड़क सुरक्षा, साइबर पुलिसिंग और इंटेलिजेंस में सुधार का दावा किया। ट्रैफिक और दुर्घटनाओं के सवाल पर उन्होंने कहा कि व्यवस्था नियंत्रण में है और घटनाओं में कमी आई है।

आईएनएच के स्टेट ब्यूरो शैलेश पांडे ने सड़क चौड़ीकरण, सदर बाजार की संकरी गलियों, मवेशियों से हो रही दुर्घटनाओं और ट्रैफिक जाम जैसे ज्वलंत मुद्दे उठाकर बहस को जमीन से जोड़ा। उनके सवालों ने प्रशासन को ठोस जवाब देने पर मजबूर किया। ▶▶ शेष पेज 12 पर

### कार्यक्रम की झलकियां ...



डॉ. हिमांशु द्विवेदी एवं अतिथियों ने एक्जेक्ट फाउंडेशन रूद्री के सदस्यों का सम्मान किया



सांसद रूपकुमारी चौधरी का सम्मान करते हरिभूमि ब्यूरो चीफ उमेश सिंह बशिष्ट



राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा का सम्मान करते नगरी संवाददाता गोपी कश्यप



समाजसेवी तुमनचंद-रंजीता साहू का सम्मान करते महापौर रामू रोहरा



समाजसेवी रूपेन्द्र साहू नगरी का सम्मान करते अतिथिगण।



उन्नत कृषक हर्षवर्धन चंद्राकर का मंत्री टंकराम वर्मा एवं विधायक ओंकार साहू ने किया सम्मान

---

## 48 घंटे से अधिक जेल में निरुद्ध रहने पर प्रधानपाठक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिला धमतरी में पदस्थ प्रधानपाठक रेखराम साहू को न्यायालय द्वारा दंडित किए जाने तथा 48 घंटे से अधिक समय तक जेल में निरुद्ध रहने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सहायक जेल अधीक्षक जिला धमतरी तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी धमतरी के प्रतिवेदन के आधार पर यह कार्रवाई की गई है।

प्रतिवेदन में उल्लेख है कि रेखराम साहू पिता गुहलेदराम साहू ग्राम मुजगहन (धमतरी), पदनाम प्रधानपाठक शासकीय प्राथमिक शाला सेहराडबरी एवं संकुल समन्वयक स्कूल केन्द्र संबलपुर, विकासखंड जिला धमतरी को सत्र न्यायाधीश धमतरी द्वारा दाण्डिक अपील प्रकरण क्रमांक 01/2025 में दिनांक 10 फरवरी 2026 को पारित निर्णय के तहत धारा 138, परक्राम्य लिखत अधिनियम 1881 अंतर्गत 6 माह का सश्रम कारावास एवं 2,50,000 रुपये अर्थदंड से दंडित किया गया है। अर्थदंड अदा नहीं करने पर 3 माह के अतिरिक्त साधारण कारावास का प्रावधान भी है। वे 10 फरवरी 2026 से जिला जेल धमतरी में निरुद्ध हैं। 48 घंटे से अधिक निरुद्ध रहने के कारण छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियमों के तहत उन्हें निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी मगरलोड नियत किया गया है तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा।

## पांच दिवसीय नहीं अब अनिश्चितकालीन हड़ताल



- कृषि विज्ञान केंद्र के कर्मचारी डटे अपनी मांगों पर, अब आरपार की लड़ाई के मूड में

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

वेतन विसंगति, अपूर्ण वेतन भुगतान एवं वैधानिक सेवा-लाभ की बहाली को लेकर छत्तीसगढ़ कृषि विज्ञान केंद्र के अधिकारी-कर्मचारी पांच दिवसीय आंदोलन पर थे। मांगों पर संतोषप्रद जवाब नहीं मिलने पर अब वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जा रहे हैं। उनका यह अनिश्चितकालीन आंदोलन 23 फरवरी से शुरू होगा।

छत्तीसगढ़ कृषि विज्ञान केंद्र सर्व कर्मचारी कल्याण संघ के बैनरतले कृविके के सभी कर्मचारी 16-20 फरवरी तक पांच दिवसीय आंदोलन पर थे। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा कर्मचारियों की मांगों पर स्पष्ट जवाब नहीं देने की स्थिति में सभी कर्मचारी 23 फरवरी से अनिश्चितकालीन आंदोलन पर जा रहे हैं। संघ ने कुलसचिव को पत्र प्रेषित कर अपने आंदोलन की जानकारी दे दी है।संघ के अध्यक्ष और महासचिव ने बताया कि हड़ताल अवधि के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालय प्रशासन से स्थायी, स्पष्ट एवं समयबद्ध समाधान की अपेक्षा के साथ चर्चा की थी, किंतु संतोषप्रद जवाब नहीं मिला।

## सहायक आरक्षक की मौत, हार्ट अटैक की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

गंगरेल की सिंचाई कॉलोनी में स्थित अपने शासकीय आवास में सहायक आरक्षक को अचेत हालत में पाया गया। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टर ने चेकअप के बाद उसे मृत घोषित कर दिया है।



- सिंचाई कॉलोनी गंगरेल की घटना

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार शिवप्रसाद ध्रुव पिता बोधरूराम उम्र 44 वर्ष मूल रूप से सिहावा थाना क्षेत्र के ग्राम टांगापानी का रहने वाला था। वह डीएमएफ में सहायक आरक्षक के पद पर पुलिस लाइन में पदस्थ था। शिवप्रसाद इन दिनों गंगरेल के सिंचाई स्थित आवासीय क्वार्टर में रह रहा था। शुक्रवार की सुबह पड़ोसी व परिजनों ने सहायक आरक्षक को अपने सरकारी आवास के कमरे में अचेत पाया। जानकारी होने पर पुलिसलाइन के राम अवतार निषाद, सुरेश कुमार एवं पड़ोसी चंद्रहास साहू उन्हें उपचार के लिए तत्काल जिला अस्पताल ले गए। चेक अप के बाद शिवप्रसाद को मृत घोषित कर दिया। पुलिस चौकी ने शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

बताया जा रहा है कि सहायक आरक्षक की मौत हार्ट अटैक से हुई है। उसके हार्ट में दो जगह ब्लाकेज पाया गया है।

---

कानून व्यवस्था मजबूत रखने पुलिस ने किया बलवा ड्रिल

# बलवाइयों को तितर-बितर करने पुलिस ने छोड़े अश्रु गैस के गोले

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पुलिस ने बलवाइयों व दंगाइयों पर अश्रु गैस के गोले छोड़ नियंत्रण पाने का अभ्यास किया। पुलिस द्वारा लाइन में बलवा ड्रिल का आयोजन किया गया।

कानून व्यवस्था को सुदृढ़ एवं मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से एसपी सूरजसिंह परिहार के निर्देशन में धमतरी पुलिस द्वारा शुक्रवार को पुलिसलाइन में बलवा ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य बल को दंगा नियंत्रण, भीड़ प्रबंधन, आपात परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया, समन्वित कार्रवाई एवं आधुनिक सुरक्षा उपकरणों के प्रभावी उपयोग के संबंध में व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना रहा। बलवा ड्रिल में पार्टीवार कार्रवाई करने का अभ्यास किया गया जिसके लिए पुलिस के अलग-अलग दल बनाए गए थे। सभी दल ने चरणबद्ध तरीके से बलवा ड्रिल किया। इस बलवा ड्रिल में एएसपी, सीएसपी, एसडीओपी कुरूद, डीएसपी मुख्यालय, डीएसपी यातायात, डीएसपी एसजेपीयू, एसडीओपी नगरी सहित समस्त थाना व चौकी प्रभारी व अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि एसपी के निर्देशन में पुलिस बल को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।



#### प्रथम पार्टी- समझाइश एवं भीड़ नियंत्रण

बलवा ड्रिल में पुलिस की प्रथम पार्टी द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर भीड़ को समझाइश देने माइक व घोषणा प्रणाली के माध्यम से शांतिपूर्ण तरीके से तितर-बितर होने की चेतावनी देने तथा प्रारंभ स्तर पर स्थिति को नियंत्रित करने की कार्रवाई का अभ्यास किया गया।

#### दंगा नियंत्रण एवं शील्ड फार्मेशन पार्टी

द्वितीय पार्टी द्वारा दंगा नियंत्रण उपकरणों के साथ फार्मेशन बनाकर आगे बढ़ने, पत्थरबाजी व उग्र भीड़ की स्थिति में स्वयं की सुरक्षा करते हुए नियंत्रित लाठी चार्ज की कार्रवाई का अभ्यास किया गया।



#### अश्रु गैस दल

पुलिस की तृतीय पार्टी द्वारा आवश्यकता पड़ने पर अश्रु गैस छोड़ने, भीड़ को तितर-बितर करने तथा न्यूनतम बल प्रयोग की रणनीति का प्रदर्शन किया गया।

#### गिरफ्तारी कार्रवाई दल

चतुर्थ पार्टी द्वारा उपद्रवियों की पहचान कर सुरक्षित तरीके से गिरफ्तारी, हिरासत में लेने एवं सुरक्षित स्थान पर ले जाने की कार्रवाई का अभ्यास किया गया।

#### चिकित्सा सहायता दल

आरक्षित बल को बैक अप के रूप में तैनात रखा गया तथा घायल पुलिस बल व नागरिकों को तत्काल प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराने की कार्रवाई का अभ्यास कराया गया। ड्रिल के दौरान अधिकारियों द्वारा फार्मेशन, कमांड एंड कंट्रोल, वायर लैस समन्वय, सुरक्षा मानकों एवं बल प्रयोग की वैधानिक सीमाओं पर विशेष मार्गदर्शन प्रदान किया गया। संपूर्ण अभ्यास अनुशासित, समन्वित एवं योजनाबद्ध तरीके से संपन्न हुआ।

## खबर संक्षेप

### पवन बने किसान मोर्चा मंडल नगरी के अध्यक्ष



**नगरी।** भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक विस्तार के तहत नगरी क्षेत्र में किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष पद पर पवन साहू की नियुक्ति की गई है। उनकी नियुक्ति पर क्षेत्र में हर्ष का वातावरण है। यह नियुक्ति भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरणसिंह देव, संगठन महामंत्री पवन साय के मार्गदर्शन तथा रायपुर संभाग प्रभारी अखिलेश सोनी, जिला संगठन प्रभारी किरण बघेल एवं किसान मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष आलोक ठाकुर की सहमति से की गई। जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस की अनुशंसा पर किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष रोहिताश मिश्रा ने जिला कार्यकारिणी एवं मंडल अध्यक्षों की सूची जारी की, जिसमें पवन साहू को नगरी मंडल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। संगठन ने उनके सक्रिय योगदान, किसान हितों के प्रति समर्पण और संगठनात्मक अनुभव को ध्यान में रखते हुए उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है। कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया है कि उनके नेतृत्व में नगरी क्षेत्र में किसान मोर्चा और अधिक सशक्त होगा तथा किसानों की समस्याओं के समाधान हेतु प्रभावी पहल की जाएगी।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### पांच साल तक धमतरी ...

कार्यक्रम में समाजसेवी दीपक ठाकुर का सम्मान हुआ। इस अवसर पर तुमन रंजीता साहू द्वारा लाई गई आर्गेनिक सब्जी पत्तागोभी, कद्दू, ब्रोकली का वितरण हुआ। मौके पर रायपुर आईएनएच मार्केटिंग स्टेट हेड संजय बनवासी, प्रसार प्रभारी धमतरी जिला तोरण साहू, आईएनएच रायपुर नरेंद्र साहू एवं धमतरी ब्यूरो कार्यालय से उमेश बशिष्ट, दीपनारायण शर्मा, दिलीप देवांगन, यशवंत साहू, रवि राजपूत, उत्तम धीवर, श्रीकांत साहू, चंद्रकांत साहू, संतोष सोनकर, संजय सपहा, कुरूद से यशवंत गंजीर, मगरलोड से सुरेश साहू, नगरी से गोपी कश्यप, विजयलक्ष्मी कश्यप, अंगेश हिरवानी, कुलदीप साहू समेत बड़ी संख्या में नगर के जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित थे।


आज जिले की फोटोयुक्त मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

# विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 में 8,253 मतदाता बढ़े

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार जिले अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र 56 सिहावा, 57 कुरूद एवं 58 धमतरी की फोटोयुक्त मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य संपन्न कराया गया। यह कार्य 23 दिसंबर से 22 जनवरी 2026 तक सभी मतदान केंद्रों में बूथ लेवल अधिकारियों के माध्यम से संपादित किया गया।

इस अवधि में मतदाताओं के नाम जोड़ने, विलोपन एवं संशोधन की कार्यवाही की गई। ऐसे मतदाता जिनकी मृत्यु हो चुकी है अथवा विवाह या अन्य कारणों से संबंधित मतदान केंद्र के अंतर्गत निवास नहीं करते, उनके नाम विलोपित किए गए।



साथ ही अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के अतिरिक्त 1 अप्रैल, 1 जुलाई एवं 1 अक्टूबर 2026 को 18 वर्ष पूर्ण करने वाले युवाओं से भी आवेदन प्राप्त किए गए। महाविद्यालयों में विशेष शिविर आयोजित कर युवाओं को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने हेतु प्रेरित किया गया। प्राप्त दावा-आपत्तियों का निराकरण, गणना प्रपत्रों की जांच एवं सुनवाई-सत्यापन की प्रक्रिया 14 फरवरी तक पूर्ण कर ली गई है। फोटोयुक्त मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी को किया जाएगा।

23 दिसंबर 2025 को प्रारंभिक प्रकाशन के समय जिले में कुल 5,97,789 मतदाता पंजीकृत थे, जिनमें 2,95,579 पुरुष, 3,02,207 महिला एवं 3 तृतीय लिंग मतदाता शामिल थे। 21 फरवरी 2026 को अंतिम प्रकाशन के समय कुल मतदाताओं की संख्या बढ़कर 6,06,042 हो गई है। इनमें 2,99,214 पुरुष, 3,06,824 महिला एवं 4 तृतीय लिंग मतदाता शामिल हैं। इस प्रकार कुल 8,253 मतदाताओं की वृद्धि दर्ज की गई, जिसमें पुरुष मतदाताओं में 3,635, महिला मतदाताओं में 4,617 एवं तृतीय लिंग मतदाताओं में 1 की वृद्धि हुई है। विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के अंतर्गत 7,550 नए मतदाता जोड़े गए तथा 1,409 मतदाताओं के नाम विलोपित किए गए।

### युवाओं एवं विशेष श्रेणी के मतदाताओं की स्थिति

18-19 आयु वर्ग के मतदाताओं की संख्या 5,770 से बढ़कर 8,881 हो गई है, जो 3,111 की वृद्धि दर्शाती है। वहीं 20-29 आयु वर्ग में 1,31,447 से बढ़कर 1,35,663 मतदाता दर्ज हुए, अर्थात 4,216 की वृद्धि। वरिष्ठ नागरिक (80+) मतदाताओं की संख्या 4,536 से घटकर 4,532 हो गई है, जिसमें 4 मतदाताओं के नाम मृत्यु अथवा अन्य कारणों से विलोपित किए गए। दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 6,422 से बढ़कर 6,604 हो गई है, जो कि 182 की वृद्धि को दर्शाती है।

# विकसित भारत के लिए योजनाओं का लाभ हर पात्र तक पहुंचे : रूपकुमारी

- दिशा समिति की बैठक में जनकल्याणकारी योजनाओं की हुई गहन समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

महासमुंद सांसद और जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की अध्यक्ष श्रीमती रूपकुमारी चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में दिशा की बैठक हुई।

श्रीमती चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा गया है, जो तभी साकार हो सकता है, जब शासन की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचे। केंद्र और राज्य सरकार मिलकर शहरों से लेकर दूरस्थ वनांचलों तक विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं और इसके लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

उपाध्यक्ष भोजराज नाग ने कहा कि दिशा समिति की बैठक योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन का सशक्त मंच है। उन्होंने अधिकारियों से जमीनी स्तर पर योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग, समय सीमा में कार्य पूर्ण करने और पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि किसान, श्रमिक, महिलाएं, युवा और कमजोर वर्ग शासन की प्राथमिकता हैं तथा उन्हें योजनाओं का लाभ समय पर मिलना चाहिए। उन्होंने मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास, किसान योजनाओं और सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

बैठक में किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, केसीसी, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना सहित विभिन्न कृषि योजनाओं की समीक्षा की गई। मिट्टी परीक्षण कार्य में तेजी लाने तथा किसानों को समय पर मृदा स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। नगरी-मगरलोड क्षेत्र में नारियल, औषधीय पौधों और पाम फसलों की खेती को बढ़ावा देने पर भी चर्चा की गई।

बैठक में विधायक ओंकार साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सार्वा, महापौर रामू रोहरा, पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू, कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ गजेंद्र सिंह ठाकुर, वनमंडलाधिकारी श्रीकृष्ण जाधव समेत विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं की जिलेवार समीक्षा की गई।

# बिरगुड़ी में दो जवानों को देश सेवा के लिए किया विदा

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम बिरगुड़ी में देश सेवा के लिए चयनित दो युवा जवानों को ग्रामवासियों द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। ग्राम के सन्नी समुंद पिता ज्योतप्रकाश समुंद एवं टोमन कश्यप पिता भरतलाल कश्यप का सीआरपीएफ में चयन होने पर पूरे गांव में हर्ष का वातावरण रहा। विदाई समारोह के दौरान ग्रामीणों ने दोनों जवानों का पुष्पमाला से स्वागत कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ग्रामीणों ने कहा कि यह पूरे गांव के लिए गौरव की बात है कि बिरगुड़ी के युवा देश की सुरक्षा में अपना योगदान देने जा रहे हैं।

इस अवसर पर नरेन्द्र कश्यप अध्यक्ष ग्राम समिति बिरगुड़ी, मनोज कश्यप ग्राम पटेल, अकबर कश्यप उपाध्यक्ष, भाजपा धमतरी, यशवंत नाग, वशिष्ठ बिसेन, बच्चन समुंद, बुधेश नायक, गोवर्धन नाग, विजय नाग सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित थे।



# स्थानीय बोलियां समृद्ध, सांस्कृतिक इतिहास और परंपराओं की संवाहक हैं : प्रभात मिश्रा

- छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के अध्यक्ष का प्रथम आगमन पर हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिला हिन्दी साहित्य समिति के तत्वावधान में साहित्य भवन (म्युनिसिपल स्कूल के पीछे) में आयोजित कार्यक्रम में प्रभात मिश्रा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग का आगमन हुआ।

धमतरी प्रवास के दौरान अध्यक्ष श्री मिश्रा ने दिवंगत हास्य-व्यंग्य के प्रख्यात कवि एवं आयोग के पूर्व सदस्य सुरजीत नवदीप के निवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि नवदीप जी ने अपनी लेखनी से छत्तीसगढ़ की माटी, लोकजीवन और जनभावनाओं को सशक्त अभिव्यक्ति दी। उनके साहित्य के संकलन, संरक्षण और प्रकाशन के लिए आयोग शासन से पत्राचार करेगा।



विचार-विमर्श सत्र में प्रभात मिश्रा ने बताया कि राज्य की आदिम एवं जनजातीय बोलियों का संरक्षण और संपोषण आयोग की प्राथमिकता में है। भतरी, दोरली हल्बी, गोंडी, छत्तीसगढ़ी और अन्य स्थानीय बोलियां केवल संप्रेषण का माध्यम नहीं बल्कि समृद्ध सांस्कृतिक इतिहास, लोकज्ञान और परंपराओं की संवाहक है। उन्होंने कहा कि इन बोलियों के समृद्ध इतिहास, लोककथाओं, गीतों, कहावतों और पारंपरिक ज्ञान को वैज्ञानिक पद्धतियों से संरक्षित करने की दिशा में कार्य किया जाएगा। उन्होंने पांडुलिपियों के संकलन, डिजिटलीकरण और डिजिटल आर्काइव निर्माण की योजना साझा की। साथ ही बोली आधारित ऑडियो-पॉडकास्ट, यूट्यूब शॉर्ट्स, लघु फिल्मों और एनिमेशन के माध्यम से युवाओं तक मातृभाषा पहुंचाने पर बल दिया।

उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप प्राथमिक शिक्षा में मातृभाषा के समावेश की आवश्यकता दोहराई और विजन 2047 के संदर्भ में भारतीय भाषाओं की केंद्रीय भूमिका पर प्रकाश डाला।

मौके पर समिति अध्यक्ष डुमन लाल ध्रुव सहित संदीप अग्रवाल रायपुर, चन्द्रशेखर शर्मा, गोपाल शर्मा, मंजीत छाबड़ा, रंजीत छाबड़ा, डॉ. चन्द्रशेखर चौबे, डॉ. भूपेन्द्र सोनी, श्रीमती कामिनी कौशिक, माधुरी मारकंडेय, कुलदीप सिन्हा, राजेन्द्रप्रसाद सिन्हा, दीप शर्मा, नरेशचंद्र श्रोती, मोहम्मद तारिक, शैलेन्द्र चेलक, प्रेमशंकर चौबे उपस्थित थे। कार्यक्रम को भाषाई नवजागरण की दिशा में सशक्त पहल माना गया।

# आज से देवपुर में निषाद समाज का वार्षिक सम्मेलन शुरू

- रक्तदान शिविर के साथ प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का होगा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

छत्तीसगढ़ निषाद समाज 22 पाली डोंगेश्वर परिक्षेत्र देवपुर का वार्षिक सम्मेलन 21 व 22 फरवरी को श्रीराम जानकी मंदिर प्रांगण देवपुर में रखा गया है। 21 फरवरी शनिवार को शुभारंभ एवं दीप प्रज्ज्वलन के मुख्य अतिथि कुंवर सिंह निषाद प्रदेशध्यक्ष निषाद समाज, ओंकार साहू विधायक होंगे। अध्यक्षता फगनू राम निषाद अध्यक्ष 22 पाली डोंगेश्वर, प्रकाश निषाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि बोध राम निषाद प्रांत उपाध्यक्ष, अंगेश्वर निषाद प्रांत संगठन सचिव, चंदूलाल निषाद जिलाध्यक्ष, हरकराम निषाद जिला उपाध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि हरनारायण साहू जनपद सदस्य देवपुर क्षेत्र, देवलाल साहू सरपंच देवपुर, जगदीश साहू सरपंच ढीमरटीकुर नवागांव, दिनेश चंद्राकर मेला समिति अध्यक्ष डोंगेश्वर, नारायण निषाद जिला महासचिव, संतोषी निषाद महिला जिला उपाध्यक्ष, झामिन निषाद सरपंच भंवरमरा, उमा राजेन्द्र निषाद सरपंच लड़ेर, नूतन निषाद सरपंच बोरसी, सुरेखा निषाद सोनेवारा होंगे।

21 फरवरी को सुबह 10 बजे दीप प्रज्ज्वलित होगा। शाम 4 बजे सामाजिक प्रकरणों पर चर्चा एवं निपटारा होगा। 22 फरवरी के समापन समारोह के मुख्य अतिथि नेहरूराम निषाद अध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग छग शासन होंगे। अध्यक्षता प्रकाश निषाद अध्यक्ष डोंगेश्वर करेंगे। विशिष्ट अतिथि मैकूराम निषाद पंचायत सचिव जवरगांव, नेमचंद निषाद सहकारी समिति प्रबंधक बोरसी, राजेन्द्र निषाद लिपिक सहकारी समिति मोहंदी, शंभू निषाद जिला कोषाध्यक्ष, मनराखन निषाद जिला उप संगठन सचिव टेकराम निषाद जिला अंकेक्षक, लखन निषाद नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष, निक्की निषाद महिला उपाध्यक्ष, परदेशी निषाद नवनिर्वाचित महासचिव, संतोष निषाद कोषाध्यक्ष नवनिर्वाचित डोंगेश्वर, उमा राजेन्द्र निषाद सरपंच लड़ेर होंगे। सुबह 10 बजे से रक्तदान शिविर आयोजित किया गया है। 10 से 12 बजे तक विचार संगोष्ठी, दोपहर 12 बजे कोषाध्यक्ष एवं सचिव द्वारा आय व्यय की जानकारी दी जाएगी। दोपहर 1 बजे नवनिर्वाचित पदाधिकारी का शपथ ग्रहण होगा। सम्मेलन में निर्वाचन अधिकारियों का सम्मान होगा। 10 वीं व 12 वीं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान होगा।

# सिहावा शीतला शक्तिपीठ के नरेंद्र बने संरक्षक



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

शीतला शक्तिपीठ सिहावा में रिक्त पद के लिए चुनाव हुआ। संरक्षक नरेंद्र नाग, उपाध्यक्ष गगन नाहटा व रामलाल नेताम बनाये गए। ज्ञात हो कि कलमसिंह पवार के निधन होने के कारण संरक्षक का पद रिक्त था। नवरात्रि की तैयारियों के संदर्भ में आयोजित बैठक में रिक्त पदों में चुनाव की सहमति बनी। सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। समिति अध्यक्ष कैलाश पवार ने सभी नए पदाधिकारियों को अपने दायित्व के अनुरूप कार्य करने कहा।

इस दौरान महासचिव नेमसिंह बिसेन, कोषाध्यक्ष गैंदलाल यादव, सहसचिव दयनारद निषाद, बुधेश्वर साहू, पुजारी तुकासिंह बैस, राजकुमार निषाद, दीपक तंवर, प्रवीण गुप्ता, भरत निर्मलकर, महेंद्र कौशल, महेश साहू, सुभाष यादव, महेंद्र साहू, संतोष पवार, तुकाराम साहू, चाहत ठाकुर आदि की उपस्थिति रही।

# दिव्यांगजनों को मिली नई राह

- सांसद भोजराज नाग ने ट्राइसाइकिल वितरित कर बढ़ाया आत्मविश्वास

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सांसद भोजराज नाग ने बीते दिनों कलेक्टोरेट में जिले के दो दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल वितरित कर उन्हें स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति जैन, जनपद पंचायत अध्यक्ष ज्योति साहू, जनप्रतिनिधि हरख जैन, वीरेंद्र साहू सहित समाज कल्याण विभाग की उप संचालक डॉ. मनीषा पाण्डेय एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



बता दें कि नगर पंचायत भखारा निवासी चंद्रहास साहू (55 प्रतिशत अस्थिबाधित) तथा अधारी नवागांव निवासी शिवकुमार नवरंग (80 प्रतिशत अस्थिबाधित) को ट्राइसाइकिल प्रदान की गई। चंद्रहास साहू ने बताया कि उन्हें शारीरिक दिव्यांगता के कारण आवागमन और रोजगार में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। उन्होंने कहा कि अब शासन की सहायता से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है और वे अपने कार्य स्वयं करने में सक्षम हो रहे हैं। शिवकुमार नवरंग ने भावुक होकर कहा कि यह सहायता उनके लिए किसी वरदान से कम नहीं है। उन्होंने बताया कि अब उन्हें कहीं भी आने-जाने में किसी पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं होगी। उनके जीवन में नई उम्मीद जागी है और वे आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ पाएंगे। मौके पर जनप्रतिनिधियों ने कहा कि शासन की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से दिव्यांगजनों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराकर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने का सतत प्रयास किया जा रहा है।

## पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने नरेगा अंतर्गत आंगनबाड़ी निर्माण 15 मार्च तक पूर्ण करने के दिए निर्देश

# धमतरी मॉडल बना मिसाल : बाला कॉन्सेप्ट अब पूरे प्रदेश में लागू

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बाल शिक्षा और सर्वांगीण विकास की दिशा में धमतरी जिले की अभिनव पहल अब पूरे प्रदेश के लिए मार्गदर्शक बन गई है। जिले में सफलतापूर्वक लागू किए गए बाला बिल्डिंग एस लर्निंग एड कॉन्सेप्ट को अब संपूर्ण छत्तीसगढ़ में लागू किया जाएगा। छग शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा इस संबंध में निर्देश जारी करते हुए महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत ग्राम पंचायतों में निर्मित एवं निर्माणाधीन सभी आंगनबाड़ी भवनों में बाला कॉन्सेप्ट को अनिवार्य रूप से लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग के समन्वय से आंगनबाड़ी भवनों को इस प्रकार विकसित किया जाएगा कि




भवन स्वयं बच्चों के लिए शिक्षण-सहायक सामग्री का कार्य करे। बाला कॉन्सेप्ट के अंतर्गत दीवारों पर वर्णमाला, अंक, आकृतियां, स्थानीय चित्रकथाएं, फर्श पर खेल-आधारित शिक्षण सामग्री, खिड़की-दरवाजों के माध्यम से आकार और माप की समझ जैसे नवाचारी तत्वों को शामिल किया जाएगा। इससे बच्चों में सीखने की जिज्ञासा, रचनात्मकता और बौद्धिक क्षमता का स्वाभाविक विकास होगा।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने स्पष्ट किया है कि सभी ग्राम पंचायतें स्वीकृत तकनीकी डिज़ाइन एवं निर्धारित वित्तीय प्रावधानों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करें। महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों तथा



जनप्रतिनिधियों के समन्वय से इस पहल को प्रभावी रूप से लागू करने पर विशेष बल दिया गया है। प्रदेश में प्रचलित सभी आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के साथ 15 मार्च 2026 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि धमतरी जिले में बाला कॉन्सेप्ट के सकारात्मक परिणाम स्पष्ट रूप से देखने को मिले हैं। आंगनबाड़ी केंद्र अब केवल भवन नहीं, बल्कि बच्चों



के लिए जीवंत शिक्षण प्रयोगशाला के रूप में विकसित हुए हैं। बच्चों की उपस्थिति में वृद्धि, सीखने की गति में सुधार तथा अभिभावकों की संतुष्टि इस पहल की सफलता को दर्शाती है। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों और समय-सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही स्थानीय कलाकारों एवं समुदाय की सहभागिता से आंगनबाड़ी केंद्रों को आकर्षक, सुरक्षित एवं बाल-अनुकूल

**।। न्यायालय नायब तहसीलदार कुरूद-1 जिला-धमतरी ।।**

**// उद्घोषणा //**

रा.प्र.क्र. 20250713020002/अ-65/वर्ष 2024-25

क्रमांक/208/वा.-1/तह./2026

कुरूद, दिनांक 09/02/2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम नागरिक को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक सरपंच ग्राम पंचायत गणेशपुर वि.ख. कुरूद जिला धमतरी द्वारा जनदर्शन दिनांक 07.07.2025 को कलेक्टर महोदय जिला धमतरी को संबोधित आवेदन पत्र जिसका जनदर्शन टोकन नं. 2130625002028 है, प्रस्तुत कर लेख किया है कि ग्राम पंचायत गणेशपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम गणेशपुर में बहुत से परिवारों को आबादी भूमि की अति आवश्यकता है, आबादी भूमि के अभाव में गुजर बसर करने में काफी दिक्कत हो रही है। ग्राम पंचायत गणेशपुर की ग्राम सभा बैठक दिनांक 30.08.2024 के प्रस्ताव क्रमांक 36 तथा ग्राम पंचायत गणेशपुर की पंचायत बैठक दिनांक 05.06.2025 के प्रस्ताव क्रमांक 07 में पारित निर्णय अनुसार ग्राम पंचायत गणेशपुर के ख.नं. 356 के रकबा 2.00 हे. को आबादी भूमि घोषित करने की कार्यवाही किये जाने हेतु न्यायालय अपर कलेक्टर धमतरी के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया है जो कि अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कुरूद के माध्यम से विस्तृत जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को उजर दावा आपत्ति हो तो स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 27.02.2026 को समय 11:00 बजे लिखित में आपत्ति पेश कर सकते हैं। मियाद बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा द्वारा जारी किया गया।

पद-मुद्रा

**नायब तहसीलदार**
**कुरूद**

**खबर संक्षेप**

## जिले में भाजपा महिला मोर्चा की नई टीम गठित

**धमतरी**\। भाजपा जिला धमतरी ने प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन एवं सहमति से महिला मोर्चा की जिला कार्यकारिणी एवं मंडल अध्यक्षों की घोषणा की है। महिला मोर्चा जिला कार्यकारिणी उपाध्यक्ष श्रीमती रुक्मणि सोनकर, श्रीमती प्रीति यदु, श्रीमती पुष्पा साहू, श्रीमती ललिता भारद्वाज, महामंत्री पद पर श्रीमती प्रियंका सिन्हा एवं कविता यादव को जिम्मेदारी दी गई है। मंत्री पवित्रा दीवान, विमला ध्रुव, विनीता कोटरी, वीणा साहू एवं श्रीमती भुवनेश्वरी चंदेल को नियुक्त किया गया है। कोषाध्यक्ष श्रीमती संगीता जगताप एवं सह कोषाध्यक्ष श्रीमती गीतेश्वरी साहू चुनी गई। मीडिया प्रभारी श्रीमती डॉली सोनी, सह मीडिया प्रभारी सुलोचना देवांगन, सोशल मीडिया प्रभारी श्रीमती अनीता सोनकर एवं सह सोशल मीडिया प्रभारी श्रीमती फुलबरी साहू बनाई गई। कार्यसमिति सदस्यों में संपदा साहू, पद्मनी तिवारी, सुशीला तिवारी, श्रमित सिन्हा, सती मरकाम, तेजस्वनी साहू, दुर्गा साहू, पुष्पा साहू, श्रमित सिन्हा, अनुराधा साहू, नंदिनी पटेल, खिलेश्वरी निषाद, संध्या साहू, खुशी घोघरेरी यादव एवं श्रीमती जानेश्वरी साहू शामिल हैं। इसी प्रकार महिला मोर्चा मंडल अध्यक्षों की घोषणा की गई है। शहर मंडल से श्रीमती पूजा कुंजाम, आमदी मंडल से श्रीमती सुनीता साहू, रांवा मंडल से श्रीमती किरण सिन्हा, मगरलोड मंडल से श्रीमती पूर्णिमा बनपेला, गंगरेल मंडल से श्रीमती टिकेश्वरी साहू, कुरूद मंडल से खुशी घोघरेरी निर्मलकर, भखारा मंडल से श्रीमती चंद्रिका साहू, सिर्री मंडल से श्रीमती नीलिमा ध्रुव, मेघा मंडल से श्रीमती दिनेश्वरी साहू, नगरी मंडल से श्रीमती चंचलेश्वरी साहू, मगरलोड मंडल से श्रीमती मनुप्रिया साहू, बेलरगांव मंडल से श्रीमती लक्ष्मी ठाकुर एवं कुकरेल मंडल से श्रीमती रेखा साहू को अध्यक्ष बनाया गया है। यह जानकारी उमेश साहू जिला मीडिया प्रभारी ने दी।

## सिवनी के चावल उत्सव में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**दुर्गूकोंदल**। विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत सिवनी में रजत जयंती के अवसर पर चांवल उत्सव धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया गया। पारंपरिक रीति-रिवाजों और पूजा-अर्चना के बीच आयोजित इस उत्सव में गांव की सामूहिक एकता और सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन देखने को मिला। कार्यक्रम में भाजपा युवा मोर्चा के सदस्य सुदेश कुमार टोपा, जयसिंग महावीर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने ग्राम की प्रगति, भाईचारे और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का संकल्प लिया।

## इलाज के दौरान हुई मौत, विवेचना जारी

**कांकेर**। चारामा थानांतर्गत आवंरी निवासी 36 वर्षीय महेंद्र कुमार कोसरिया पिता किशोर को गंभीर चोट आने से मौत हो गया। रायपुर के अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया, जहां उसका 8 जनवरी को मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

## मृतक के परिजन के लिए आर्थिक सहायता स्वीकृत

**कांकेर**। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कांकेर द्वारा नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम हटकाचारामा निवासी सड़क दुर्घटना में मृतक आशीष कुमार शोरी के पिता द्वारसिंग शोरी के लिए 25 हजार रूपए की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। हितग्राही को स्वीकृत सहायता राशि का भुगतान तहसीलदार नरहरपुर के माध्यम से किया जाएगा।

### कलेक्टर ने की कृषि एवं संबंधित विभागों की योजनाओं की समीक्षा

# एग्रीस्टेक पंजीयन, चना खरीदी और पशुधन विकास पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने बीते दिन कृषि, पशुपालन, मत्स्यपालन एवं उद्यानिकी विभागों की योजनाओं की समीक्षा की। कलेक्टोरेट सभाकक्ष और शासकीय श्रवण बाधितार्थ बालिका विद्यालय में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि शासन की प्राथमिकता किसानों की आय में वृद्धि और योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ सुनिश्चित करना है। उन्होंने हाल ही में संपन्न धान खरीदी एवं एग्रीस्टेक रकबा समर्पण कार्य में मैदानी अमले द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। उन्होंने आधुनिक कृषि तकनीकों के प्रसार के लिए मैदानी कर्मचारियों को अन्य राज्यों में एक्सपोजर विजिट पर भेजने के निर्देश दिए, ताकि उन्नत कृषि पद्धतियों को जिले में लागू किया जा सके।

एग्रीस्टेक पंजीयन की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि शासन की आगामी योजनाओं का लाभ एग्रीस्टेक पंजीयन के आधार पर प्रदान किया जाएगा। विभाग द्वारा शिविर आयोजित कर अधिक से अधिक किसानों का पंजीयन सुनिश्चित किया जाए। प्रधानमंत्री आशा योजना अंतर्गत चना खरीदी की जानकारी देते हुए अधिकारियों ने बताया कि गत वर्ष आठ समितियों के माध्यम से चना खरीदी की गई थी। इस वर्ष किसानों की सुविधा हेतु सलोनी, संबलपुर एवं भुरसी में तीन नई समितियों का गठन किया गया है। कलेक्टर ने 50 हजार क्विंटल चना खरीदी का लक्ष्य निर्धारित करते हुए गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही चना, सरसों एवं मूंग जैसी दलहन-तिलहन फसलों में अधिक से अधिक किसानों का पंजीयन कराने पर जोर दिया।

पीएम अजय योजना के तहत प्रेषित प्रकरणों के त्वरित निराकरण तथा अगली बैठक में प्रगति की समीक्षा करने के निर्देश भी दिए गए। प्रधानमंत्री धरती आबा योजना अंतर्गत तैयार किए गए मुर्गी शेड की जानकारी लेते हुए उन्होंने कम पानी में अधिक उत्पादन देने वाली फसलों को बढ़ावा देने, जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्भरण के लिए ग्राम स्तर पर अभियान चलाने के निर्देश दिए। पशुपालन विभाग की समीक्षा के दौरान राष्ट्रीय पशुधन मिशन के अंतर्गत प्रकरणों की प्रगति, टीकाकरण, दुग्ध सहकारी समितियों की स्थिति तथा किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से अधिक से अधिक पशुपालकों को लाभान्वित करने पर विशेष जोर दिया गया। कृत्रिम गर्भाधान के लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति एवं दुग्ध संग्रहण केंद्रों के सुदृढ़ीकरण के निर्देश भी दिए गए। बैठक में उपसंचालक पशुपालन श्री मरकाम, सहायक संचालक मत्स्यपालन श्री राधव, सहायक संचालक उद्यानिकी श्रीमती गीता साहू सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# स्काउटिंग को गति देने मेम्बरशिप ग्रोथ पर फोकस करें : खालसा

- भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के जिला संगठन आयुक्तों की हुई समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



मंगलवार को रायपुर स्थित भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छग के राज्य मुख्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में राज्य मुख्य आयुक्त ने मेम्बरशिप ग्रोथ पर जोर दिया।

बैठक की अध्यक्षता राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा ने की। विशेष अतिथि राज्य कोषाध्यक्ष हेमंत देवांगन थे। जिलों के कामकाज को लेकर निर्धारित एजेंडा अनुसार वन- टू- वन समीक्षा की गई। राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा ने शत प्रतिशत शासकीय विद्यालयों से अंशदान जमा करवाने कहा। स्वामी आत्मानन्द विद्यालयों से भी अंशदान जमा करवाने निर्देशित किया गया। राज्य मुख्य आयुक्त ने जिला संगठन आयुक्तों से ऑनलाइन यूथ मैनेजमेंट सिस्टम पर प्राथमिकता के साथ फोकस करने कहा। ओवाईएमएस के लिए कंप्यूटर ऑपरेटर या आईटी के जानकार लीडर्स एवं रोवर्स, रेंजर्स का सहयोग लेने कहा गया। जिलों में सक्रिय लीडर्स की जानकारी ली गई। सत्र 2024- 25 एवं 2025- 26 में बेसिक कोर्स की स्थिति, बेसिक कोर्स पश्चात कितनी यूनिट प्रारंभ की गई इसको लेकर जिला संगठन आयुक्तों से चर्चा की गई। नए शैक्षणिक सत्र में बेसिक कोर्स के लिए कार्ययोजना बनाने कहा गया। जिला वार्षिक कार्यक्रम एवं क्रियान्वयन की स्थिति, डिस्ट्रिक्ट मेम्बरशिप ग्रोथ स्ट्रेटजी तथा जिले का मेम्बरशिप ग्रोथ लक्ष्य, डिस्ट्रिक्ट डैशबोर्ड, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के शिविर व कार्यक्रमों में सहभागिता की स्थिति, सत्र 2024- 25 एवं 2025- 26 में जिले के आय-व्यय पर भी चर्चा की गई।

19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी तथा बालोद में आयोजित हुई प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जम्बूरी में सहभागिता को लेकर समीक्षा की गई। राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत खालसा ने कमजोर प्रदर्शन करने वाले कुछेक जिलों को कामकाज में सुधार लाने की हिदायत दी। श्री खालसा ने जिला संगठन आयुक्तों से कामकाज में आ रही दिक्कतों और समस्याओं की जानकारी ली और उसे दूर करने आश्वस्त किया। राज्य मुख्य आयुक्त ने कहा कि टीम वर्क के साथ स्काउटिंग को गुणवत्तापूर्ण तरीके से गति देना है और देश में छतीसगढ़ की एक क्रियाशील छवि बनानी है। बैठक का संचालन प्रभारी राज्य सचिव सरिता पाण्डेय ने किया। बैठक में सयुंक्त राज्य सचिव बीना यादव, स्टेट कॉर्डिनेटर मेम्बरशिप ग्रोथ मोहम्मद सादिक शेख़, राज्य प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट अमित क्षत्रिय, राज्य संगठन आयुक्त द्वय पूनम साहू, जलवती साहू एवं जिला संघ धमतरी के प्रतिनिधि के रूप में हिना भेंसले जिला संगठन आयुक्त गाइड की सहभागिता रही।

# संयुक्त मोर्चा ने यूजीसी का किया समर्थन



- यूसीजी चेयरमेन के नाम डिप्टी कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

संयुक्त मोर्चा एसटी, एससी, ओबीसी ने उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता को बढ़ावा देने वाले विनियम के समर्थन में यूजीसी चेयरमेन को पत्र लिखा है।

शुक्रवार को संयुक्त मोर्चा ने डिप्टी कलेक्टर से मुलाकात कर यूजीसी चेयरमेन के नाम से पत्र सौंपा है जिसमें कहा है कि 14 जनवरी 2026 को अधिसूचित उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता को बढ़ावा देने वाले विनियम का संयुक्त मोर्चा समर्थन करता है। यह विनियम पूरे भारत के कालेजों, विश्वविद्यालयों में निष्पक्ष, समावेशी और सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इसमें वंचित पृष्ठभूमि से आने वाले छात्रों को कक्षा, छात्रावास, पुस्तकालय और अन्य शैक्षणिक स्थानों पर अनुचित व्यवहार का सामना करना पड़ा है। छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के साथ सम्मान, गरिमा और समानता का व्यवहार यूजीसी के कानूनी ढांचा अंतर्गत लाया गया है जो शिक्षा में समावेशन और सामाजिक न्याय पर जोर देता है। ज्ञापन सौंपने के दौरान मोर्चा के पदाधिकारी जीवराखन लाल मरई, प्रदीप कुमार जांगड़े, संतोष नंदेश्वर सहित मोर्चा के अनेक लोग शामिल थे।

# कुरूद से होगा मनरेगा संग्राम का शंखनाद



- राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे भरेंगे हुंकार, दीपक बैज ने संभाला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

छत्तीसगढ़ की शांत फिजाओं में अब एक बड़ा सियासी तूफान उठने वाला है। कांग्रेस ने केंद्र सरकार की घेराबंदी के लिए मनरेगा बचाओ अभियान का बिगुल फूंक दिया है। इस राष्ट्रीय आंदोलन का शंखनाद कहीं और नहीं बल्कि धमतरी जिले के कुरूद की धरती से होने जा रहा है, जहां जल्द ही कांग्रेस के दिग्गज नेता राहुल गांधी और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे हुंकार भरते नजर आएंगे।

### मैदान में उतरे दीपक बैज, कुरूद में हलचल तेज

शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज और महामंत्री मलकीत सिंह गेंदू ने अचानक कुरूद पहुंचकर सियासी पारा चढ़ा दिया। दोनों नेताओं ने खेल मेला मैदान से लेकर अटल बिहारी बाजपेयी स्टेडियम और नई मंडी तक का चप्पा-चप्पा छाना। मकसद साफ है कि मार्च के दूसरे सप्ताह में होने वाली इस जनसभा को इतना विशाल बनाना कि इसकी गूंज दल्लि के गलियारों तक सुनाई दे।

### क्यों चुना गया कुरूद

राजनीतिक पंडितों की माने तो कुरूद का चयन एक सोची-समझी रणनीति है। यह क्षेत्र कृषि और ग्रामीण आबादी का गढ़ है, जहां मनरेगा की मजदूरी हजारों परिवारों की लाइफलाइन है। राहुल गांधी यहां से सीधे तौर पर उन गरीबों और मजदूरों के दिल में पैठ बनाना चाहते हैं, जो केंद्र की नीतियों से खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। कांग्रेस ने साफ कर दिया है कि यह सिर्फ एक रैली नहीं, बल्कि आर-पार की जंग है। कांग्रेसियों ने केंद्र पर बजट में कटौती, मनरेगा का गला घोंटने का आरोप लगाया। जिला अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर, नीलम चंद्राकर ने कहा कि यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ की राजनीति में एक मील का पत्थर साबित होगा। हम केंद्र को मनरेगा की मूल भावना के साथ खिलवाड़ नहीं करने देंगे। कार्यक्रम को लेकर गांव-गांव में पीले चावल बांटकर न्योता दिया जायेगा।

# बच्चों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने बटोरी तालियां



- आकृति प्ले स्कूल में वार्षिकोत्सव धूमधाम से साथ मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

आकृति प्ले स्कूल द्वारा वार्षिक उत्सव का आयोजन आमंत्रण हेरिटेज साहू सदन रूद्री में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर निगम के महापौर रामू रोहरा थे। उन्होंने मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

अपने उद्बोधन में महापौर श्री रोहरा ने कहा कि प्रारंभिक शिक्षा बच्चों के सर्वांगीण विकास की सुदृढ़ नींव होती है। प्ले स्कूल बच्चों की रचनात्मकता, आत्मविश्वास एवं सामाजिक विकास को प्रोत्साहित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। ऐसे आयोजन बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं, जिससे उनमें नेतृत्व क्षमता एवं आत्मविश्वास का विकास होता है। उन्होंने नन्हे-मुन्ने बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें समूह नृत्य, देशभक्ति गीत, लघु नाटक, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता एवं विभिन्न थीम आधारित प्रस्तुतियां शामिल रहीं।

बच्चों की मासूम अदाओं और आत्मविश्वास से परिपूर्ण प्रस्तुतियों ने अभिभावकों एवं अतिथियों का मन मोह लिया। पूरे सभागार में तालियों की गूंज से उत्साह का वातावरण बना रहा। इस अवसर पर विद्यालय की वार्षिक गतिविधियों, शैक्षणिक उपलब्धियों एवं भावी योजनाओं की जानकारी भी प्रस्तुत की गई। समापन पर प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

# भानपुरी के तरुण कुमार बने आईएएस अफसर

- युवाओं को असफलताओं से घबराने के बजाय निरंतर प्रयास करने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छत्तीसगढ़ के लिए मंगलवार का दिन ऐतिहासिक साबित हुआ, जब राज्य को कुल 9 नए आईएएस अधिकारी मिले। भारत सरकार के कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय (डीओपीटी) द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार धमतरी जिले के ग्राम भानपुरी निवासी तरुण कुमार किरण को वर्ष 2024 की चयन सूची के तहत भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) में नियुक्त किया गया है। उन्हें छत्तीसगढ़ कैडर आवंटित किया गया है। तरुण कुमार किरण भाजपा नेत्री खिलेश्वरी किरण के पुत्र हैं। उनकी प्रारंभिक शिक्षा से लेकर स्नातक तक की पढ़ाई धमतरी में ही हुई। उन्होंने कक्षा पहली से दसवीं तक की शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर से, 11वीं-12वीं नूतन स्कूल से तथा बीएससी की पढ़ाई शासकीय पीजी कॉलेज धमतरी से पूरी की। स्नातक के बाद उन्होंने पूरी निष्ठा के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी शुरू की। उनका करियर लगातार उपलब्धियों से भरा रहा। उन्होंने पटवारी परीक्षा में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। वर्ष 2011 में फूड इंस्पेक्टर



परीक्षा में भी टॉप किया। वर्ष 2013 में पीएससी के माध्यम से जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी बने तथा 2014 में वाणिज्य कर विभाग में चयनित हुए। वर्तमान में वे सहायक आयुक्त, कमर्शियल टैक्स विभाग में ओएसडी के पद पर कार्यरत हैं। आईएएस बनने के बाद उन्होंने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि केवल पुस्तक ज्ञान ही नहीं, बल्कि व्यवहारिक समझ भी जरूरी है। असफलताओं से घबराने के बजाय निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि छोटी असफलता से निराश होकर गलत कदम न उठाएं। तरुण की सफलता से धमतरी सहित पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

# वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दी रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति







हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पीएम श्री मेहतरुराम धीवर शासकीय उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय बठेना में वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विनय जैन, विधायक प्रतिनिधि ज्ञानचंद सिन्हा मिथलेश चन्द्राकर सदस्य शाला विकास समिति ने किया। संस्था के प्राचार्य रविन्द्र कुमार साहू ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री रोहरा ने स्कूल के प्रार्थनास्थल पर शेड निर्माण और शेड के नीचे बैडमिंटन स्पाट निर्माण की घोषणा की। विद्यालय के पीछे की जगह को खेल मैदान बनाने जल्द ही राज्यस्तर पर स्वीकृति प्रदान करने की बात कही। वार्षिक उत्सव में बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। पिछले सत्र 2024-25 में कक्षा में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले एकेजी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों को मोमेंटो, मेडल व प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।

# हटकेशर में मनाई गई ग्रीन महाशिवरात्रि



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

हटकेशर वार्ड में महाशिवरात्रि पर्व पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अनोखे अंदाज़ में ग्रीन शिवरात्रि मनाई गई। वार्ड स्थित शीतला माता मंदिर परिसर में बेल का पौधा रोपित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

सर्वप्रथम भगवान भोलेनाथ एवं शीतला माता का जलाभिषेक कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई तथा क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की मंगलकामना की गई। लोगों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

इस अवसर पर नागेश्वर मानस प्रचार समिति के संरक्षक, जिला साहू संघ के पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण साहू, अध्यक्ष शांतिलाल देवांगन, कोषाध्यक्ष गिरधर देवांगन, पार्षद सूरज गहरवाल, नरेश गायकवाड़, ईश्वर पटेल, भूषण साहू, कुलेश्वर बंजारे, रामदु बंजारे, गुलाब ठाकुर, लोकेश नेताम, विनोद पटेल, जीवन बंजारे, रामदुलार यादव, युगल यादव, नरेश साहू, चैनसिंग साहू, नरसिंग जोशी, नीलकंठ साहू, संतोष मीनपाल सहित अनेक वार्डवासी उपस्थित थे।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.), कुरूद जिला-धमतरी (छ.ग.)**

**// सूचना //**

क्रमांक / 350 /अ.वि.अ./वा.-01 / 2026
कुरूद, दिनांक 18/02/2026

प्रति,
सुशीला साहू पिता स्व. ढालू राम पति गजेन्द्र कुमार, निवासी ग्राम-माली गोड़ी खपरी, तहसील-गुंडरदेही जिला-बालोद (छ.ग.)

विषयः- न्यायालय में उपस्थित होने बाबत।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि इस न्यायालय के अपील राजस्व प्रकरण क्रमांक 202505130500031/अ-6/2024-25 में अपीलार्थी लता साहू पिता स्व. ढालू राम साहू विरूद्ध शिवकुमारी पिता स्व. ढालू राम साहू वगै. काश्तग्राम-भखारा, तहसील-भखारा जिला-धमतरी स्थित वादभूमि ख.नं. 38, 392, 481 रकबा क्रमशः 0.6200, 0.1300, 0.0600 हे० के निराकरण के सम्बन्ध में आपकी उपस्थिति नहीं हो पा रही है। जिसके कारण प्रकरण अनावश्यक रूप से लंबित है। समाचार पत्र के माध्यम से आपकी उपस्थिति हेतु सूचना जारी किया जा रहा है, इस सूचना के बावजूद भी उपस्थित नहीं होने पर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी, जिसके लिए आप स्वतः जवाबदार रहेंगे।

अतः आप पेशी दिनांक 27/02/2026 को दोपहर 2.00 बजे इस न्यायालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
कुरूद जिला- धमतरी (छ.ग.)

### ग्रामीणों ने गाजे-बाजे के साथ रैली निकालकर देश सेवा के लिए किया विदा

# मुल्ले के भेसन का आईटीबीपी में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



ग्राम पंचायत मुल्ले में उस समय गौरव और उत्साह का सैलाब उमड़ पड़ा, जब मदन कोठरे के पुत्र भेसन कुमार कोठरे का चयन भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) में हुआ। इस उपलब्धि पर पूरे गांव ने एकजुट होकर अपने लाडले को ऐतिहासिक विदाई दी। समारोह में जिला पंचायत सभापति कुलेश्वरी सुनील गायकवाड़ ने पुष्पमाला, श्रीफल और शाल भेंटकर भेसन कुमार को सम्मानित किया।

इस दौरान जनपद सदस्य गंगा साहू, ललिता भतपहरी, अनुसूचित जाति जिला मोर्चा अध्यक्ष धनेश बंजारे, सुनील गायकवाड़, सरपंच जयश्री डहरिया और पूर्व सरपंच प्रवीण मोरखे सहित प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित थे।सम्मान पश्चात गांव में विशाल रैली और विजय जुलूस निकाला गया। गाजे-बाजे के साथ ग्रामीणों ने भेसन कुमार को बस स्टेशन तक छोड़ा। इस विदाई समारोह में युलाल चेलक, रमेश भतपहरी, संदीप डहरिया समेत पंचगण व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल के अध्यक्ष बने सुनील



**नगरी।** भारतीय जनता पार्टी अंतर्गत अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) मोर्चा अध्यक्ष मंडल नगरी के रूप में सुनील कुमार की नियुक्ति की गई है। उनकी नियुक्ति से संगठन कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में उत्साह का माहौल है। सुनील कुमार के अध्यक्ष बनाए जाने पर मोहन नाहटा, अनुरुद्ध गंजीर, दुर्गेश गंजीर, दीनदयाल सेन, चंद्रकांत शांडिल्य, लकेश शांडिल्य, बीरेंद्र शांडिल्य, नरेन्द्र बल्लू सेन, चन्द्रभान देव, तेज शांडिल्य, संदीप शांडिल्य, रंजना सूर्यवंशी, विद्या बाई शांडिल्य एवं लोकेश नेताम ने हर्ष व्यक्त किया है। पार्टी पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि सुनील कुमार के नेतृत्व में अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करेगा तथा समाज के विभिन्न वर्गों के बीच समन्वय स्थापित कर संगठनात्मक गतिविधियों को गति देगा।

### परीक्षा केवल आंकलन है, अंतिम कसौटी नहीं : विधायक सावित्री

**दुर्गूकोंदल।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं की वार्षिक परीक्षाएँ 20 फरवरी से प्रारंभ हो गई हैं, जो विद्यार्थियों के शैक्षणिक जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव है। यह परीक्षा उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा तय करने में सहायक सिद्ध होगी। विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने अपने संदेश में कहा कि जिले में संचालित समस्त हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में परीक्षा सत्र 2025-26 के अंतर्गत हमर लक्ष्य कार्यक्रम के तहत किए गए सतत प्रयासों का सकारात्मक परिणाम इस परीक्षा में अवश्य दिखाई देगा, विद्यार्थियों से अपील की कि वे पूर्ण आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच और अनुशासन के साथ परीक्षा में शामिल हों, परीक्षा केवल ज्ञान का आकलन है, जीवन की अंतिम कसौटी नहीं। अपने परिश्रम पर विश्वास रखें और शांत मन से प्रश्नों का उत्तर दें। सफलता निश्चित रूप से आपके कदम चूमेगी। पालकों से आग्रह करते हुए विधायक श्रीमती सावित्री मनोज मंडावी ने कहा कि वे अपने बच्चों को सकारात्मक एवं सहयोगात्मक वातावरण प्रदान करें। उन पर अनावश्यक दबाव न डालें, बल्कि उनका मनोबल बढ़ाएँ और मानसिक रूप से सशक्त बनाएं। विधायक ने विश्वास व्यक्त किया कि कांकेर जिले एवं भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के विद्यार्थी अपनी प्रतिभा, अनुशासन और परिश्रम से उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त कर जिले एवं प्रदेश का नाम गौरवान्वित करेंगे।

पीजी कालेज के वार्षिक स्नेह सम्मेलन में शामिल हुए प्रभारी मंत्री

# युवाओं के सकारात्मक विचार से बदलेगा देश का भविष्य : टंकराम वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी





बाबू छोटे लाल श्रीवास्तव स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वार्षिक स्नेह सम्मेलन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्व एवं जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। इस लक्ष्य की प्राप्ति में शिक्षा और स्वास्थ्य की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही विकास की नींव है। आज का युवा वर्ग प्रतिभाशाली होने के साथ-साथ नई तकनीकों का प्रभावी उपयोग कर स्वयं को श्रेष्ठ स्थानों पर स्थापित कर रहा है।

मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि जीवन में एक सकारात्मक विचार व्यक्ति का पूरा जीवन बदल सकता है। विचार ही सामान्य व्यक्ति को महान बनाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे नकारात्मकता से दूरी बनाकर सकारात्मक सोच को अपनाएं और देश तथा समाज के विकास में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मंत्री श्री वर्मा ने विद्यार्थियों की मांग पर छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध लोकगायक लक्ष्मण मस्तुरिया का मनमोहक गीत भी प्रस्तुत किया। इस मौके पर मंत्री श्री वर्मा ने स्टॉल का निरीक्षण किया और स्मृति चिन्ह भी भेंट किए।



महापौर रामू रोहरा ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में विकास के नए आयाम स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि धमतरी विधानसभा क्षेत्र में बीते दो वर्षों में लगभग 250 करोड़ रुपये के विकास कार्यों को स्वीकृति दी गई है। इनमें 500 सीटर नालंदा परिसर, विधि विभाग भवन, हाईटेक बस स्टैंड, प्रमुख सड़कों का मुख्य मार्ग से जोड़ने का कार्य, ऑडिटोरियम, इंडोर स्टेडियम, विद्युत स्टेशन तथा सिहावा चौक से कोलियारी और रत्नाबांधा चौक से मुजगहन तक सड़क चौड़ीकरण जैसे कार्य शामिल हैं। इन सभी कार्यों का शीघ्र शुभारंभ किया जाएगा। अप्रैल माह से ट्रेन सुविधा भी प्रारंभ होने की संभावना है। कार्यक्रम की शुरुआत में प्राचार्य विनोद पाठक ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए शिक्षा एवं खेल के क्षेत्र में महाविद्यालय की उपलब्धियों की जानकारी दी। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अंगिरा ध्रुव, नगर निगम सभापति श्रीमती कौशल्या देवांगन, सीएसपी अभिषेक चतुर्वेदी, एसडीएम पीयूष तिवारी, महेंद्र पंडित सहित अन्य जनप्रतिनिधि, महाविद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

## 2 मार्च को होलिका दहन, 3 को चन्द्रग्रहण, 4 मार्च को रंगोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



रंग, उमंग और आस्था का प्रतीक होली पर्व इस वर्ष विशेष ज्योतिषीय संयोग के साथ मनाया जाएगा। विप्र विद्वत परिषद ने देव पंचांग के आधार पर बताया कि 2 मार्च को होलिका दहन, 3 मार्च को चन्द्रग्रहण तथा 4 मार्च को रंग पर्व एवं वसंतोत्सव मनाया जाएगा। परिषद ने बताया कि होली हिन्दू धर्म का प्रमुख त्योहार है।

देव पंचांग के अनुसार फाल्गुन शुक्ल पक्ष पूर्णिमा 2 मार्च सोमवार को शाम 5 बजकर 55 मिनट से प्रारंभ होगी। होलिका दहन का शुभ मुहूर्त रात्रि 1 बजकर 26 मिनट से रात्रि 2 बजकर 38 मिनट तक रहेगा। इस अवधि में होलिका दहन करना अत्यंत श्रेयस्कर माना गया है। इस समय भद्रापुच्छ का योग रहेगा, जो शास्त्र सम्मत रूप से अनुकूल माना जाता है। 3 मार्च को चन्द्र ग्रहण रहेगा। ग्रहण का सूतक प्रातः 9 बजकर 7 मिनट से प्रारंभ होगा।

ग्रहण स्पर्श शाम 6 बजकर 7 मिनट पर होगा। ग्रहण मोक्ष शाम 6 बजकर 47 मिनट पर होगा। 4 मार्च को रंग पर्व एवं वसंतोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। यह दिन आपसी प्रेम, सौहार्द और सामाजिक एकता का संदेश देता है। परिषद के मीडिया प्रभारी पंडित राजकुमार तिवारी ने अपील करते हुए कहा है कि सभी नागरिक निर्धारित तिथि एवं शुभ मुहूर्त के अनुसार होली पर्व को श्रद्धा, शांति और भाईचारे के साथ मनाएं।

## गुरुकुल से प्रशिक्षण लेकर युवा बनेंगे आत्मनिर्भर : रामू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

ग्राम पंचायत कोलियारी स्थित मधुरिमा गुरुकुल सेडी शिविर भवन में कौशल विकास योजना का लोकार्पण महापौर रामू रोहरा ने किया। अपने संबोधन में महापौर श्री रोहरा ने कहा कि शिक्षा और कौशल विकास किसी भी समाज की प्रगति के दो सशक्त आधार हैं। गुरुकुल परंपरा हमारी सांस्कृतिक धरोहर है, जो केवल ज्ञान ही नहीं बल्कि संस्कार, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति का भाव भी विकसित करती है। उन्होंने कहा कि यह शिविर भवन क्षेत्र के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का सशक्त मंच प्रदान करेगा। महापौर ने आगे कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में कौशल विकास केंद्रों की स्थापना आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने आश्वासन दिया कि नगर निगम जनहित से जुड़े हर सकारात्मक प्रयास में सहयोग प्रदान करेगा।

## कौही में महाशिवरात्रि पर लगा भव्य मेला



- पूर्व विधायक ने भगवान शिव से क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि मांगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

ग्राम पंचायत कौही में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर स्वयंभू महादेव शिव शंकर मंदिर प्रांगण में भव्य शिवरात्रि मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में लेखराम साहू पूर्व विधायक कुरूद एवं राष्ट्रीय समन्वयक पिछड़ा वर्ग नई दिल्ली, प्रीतम साहू सरपंच ग्राम बोरदा, घनश्याम साहू पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष धमतरी सहित समिति के सदस्य और बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

दूर-दूर से पहुंचे श्रद्धालुओं ने भगवान शिव शंकर के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। अपने संबोधन में लेखराम साहू ने कहा कि मेला आपसी मेल-मिलाप और पारिवारिक एकता का प्रतीक है। बाहर नौकरी-पेशा करने वाले बेटे-बेटियां भी इस अवसर पर घर लौटकर परिवार के साथ समय बिताते हैं, जिससे पारिवारिक संबंध मजबूत होते हैं। उन्होंने क्षेत्रवासियों के लिए सुख-समृद्धि और आपसी प्रेम की कामना की। उन्होंने युवाओं को नशा-पान से दूर रहकर सात्विक जीवन अपनाने की प्रेरणा दी।

## महतारी सदन के निर्माण से महिलाओं का होगा सशक्तिकरण

- देमार में महतारी सदन का भूमिपूजन सांसद, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ने किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



ग्राम पंचायत देमार में महतारी सदन के निर्माण हेतु भूमिपूजन हुआ। मुख्य अतिथि महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद रूप कुमारी चौधरी रहीं। विशेष अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं धमतरी की पूर्व विधायक रंजना डीपेंद्र साहू भी शामिल हुईं। जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने महतारी सदन के निर्माण को महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

यह महतारी सदन ग्रामीण बिहान योजना तथा स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं के लिए स्वरोजगार, प्रशिक्षण, सामूहिक गतिविधियों और सामाजिक सशक्तिकरण का केंद्र बनेगा, जिससे क्षेत्र की महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने में सहायता मिलेगी। सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और राज्य की विष्णुदेव साय की सरकार महिलाओं के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। महतारी सदन जैसी पहल ग्रामीण महिलाओं को संगठित कर उन्हें रोजगार, कौशल विकास और आत्मसम्मान से जोड़ने का माध्यम बनेगी।

सांसद ने विश्वास व्यक्त किया कि देमार में बनने वाला यह सदन आसपास के गांवों की महिलाओं के लिए भी प्रेरणा केंद्र सिद्ध होगा। रंजना साहू ने कहा कि महिलाओं की आर्थिक भागीदारी बढ़े बिना समाज का समग्र विकास संभव नहीं है। बिहान योजना और स्व-सहायता समूहों के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं ने आत्मनिर्भरता की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया है। महतारी सदन उनके लिए स्थायी मंच प्रदान करेगा, जहां से वे प्रशिक्षण, उत्पादन और विपणन जैसी गतिविधियों को संगठित रूप से आगे बढ़ा सकेंगी। मौके पर सरपंच बिमलेश मीनपाल, उप सरपंच परमेश्वरी साहू, बसंत, परदेसी मीनपाल, अंगेश्वर साहू, संतकुमार साहू, भूपेंद्र साहू, संतराम यादव, बंशी कुंभकार, नुमेश कुमार, नारायण साहू, सुरेंद्र चौरे, गोपाल ठेठवार, संजय साहू, मोहनलाल बंजारे सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## नेशनल लोक अदालत में निबटेंगे कई प्रकरण



- तैयारियों को लेकर अधिकारियों व न्यायाधीशों की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

आगामी 14 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने के उद्देश्य से प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रामकुमार तिवारी की अध्यक्षता में 20 फरवरी को बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी श्रीमती उषा गेंदले, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती तनुश्री गवेल, सचिव श्रीमती नेहा उसेन्डी, उपपुलिस अधीक्षक आशीष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर श्रीमती इंद्रा नवीन सिंह सहित पीडब्ल्यूडी एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में बताया गया कि 14 मार्च को जिला एवं सत्र न्यायालय धमतरी, व्यवहार न्यायालय कुरूद, व्यवहार न्यायालय नगरी तथा राजस्व न्यायालयों में लोक अदालत की खंडपीठ गठित की जाएगी। कुटुम्ब न्यायालय में परिवार संबंधी मामलों का निराकरण किया जाएगा। न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के साथ ही बीमा, बैंक, विद्युत एवं दूरसंचार सेवाओं से जुड़े मामलों का भी प्री-लिटिगेशन स्तर पर निराकरण होगा। सिविल वाद, राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरण, मोटरयान अधिनियम, श्रम न्यायालय, चेक बाउंस (धारा 138) तथा धन वसूली मामलों का समाधान किया जाएगा। लोक अदालत में आपसी सहमति से त्वरित निपटारा, न्यायालय शुल्क की वापसी तथा समय व धन की बचत का लाभ मिलेगा।

## घूमती रही उड़नदस्ता टीम, नहीं मिले नकलची

- बोर्ड परीक्षा में 27 छात्र रहे अनुपस्थित, 5 हजार 767 छात्रों ने दी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



बोर्ड परीक्षा के पहले दिन 27 छात्र गायब रहे। भौतिक और भूगोल जैसे कठिन पेपर होने के बाद भी पहले दिन कोई नकलची नहीं मिला। उड़नदस्ता टीम पहले ही दिन से सक्रिय नजर आई। टीम ने कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। कहीं पर भी कोई आपत्तिजनक स्थिति नहीं मिली।

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित बोर्ड की परीक्षा शुक्रवार से शुरू हो गई। पहले दिन बारहवीं की परीक्षा हुई। छात्रों ने भूगोल और भौतिक शास्त्र जैसे कठिन विषयों के पर्चे हल किए। जिला शिक्षा कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार पहले दिन 81 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जिसमें 5 हजार 788 छात्र दर्ज थे। इसमें से 5 हजार 767 छात्रों ने ही परीक्षा दिलाई। 27 छात्र अनुपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि इससे पहले 17 फरवरी से सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा प्रारंभ हो चुकी है। शुक्रवार को सीबीएसई 12वीं के भौतिक शास्त्र और 10वीं के फिजिकल एजुकेशन का पेपर हुआ। सीबीएसई परीक्षा के लिए जिले में बने तीन सेंटर में विद्यार्थी परीक्षा देने पहुंचे थे। 12वीं में मेनोनाईट स्कूल में 3 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। 10वीं का पेपर सिर्फ डीपीएस में हुआ जहां पूरी उपस्थिति रही।

### धमतरी में सर्वाधिक अनुपस्थिति

सीजी बोर्ड में स्थिति देखें तो सबसे ज्यादा दर्ज संख्या धमतरी विकासखंड में 1937 छात्रों की है। सबसे ज्यादा अनुपस्थिति भी यहीं के 9 छात्रों की रही। दूसरे नम्बर पर कुरूद विकासखंड हैं, जहां पर 1671 की दर्ज संख्या में 8 छात्र अनुपस्थित रहे। तीसरे नम्बर पर मगरलोड विकासखंड में 1095 में 5 छात्र अनुपस्थित रहे। नगरी विकासखंड में 1085 की दर्ज संख्या में 5 छात्र अनुपस्थित रहे।

## कबीर साहेब ने समाज को सत्य, प्रेम और मानवता का दिया संदेश : ओंकार



- पोटियाडीह के सदगुरू कबीर आश्रम में आयोजित सत्संग समारोह में शामिल हुए विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

पोटियाडीह स्थित सदगुरू कबीर आश्रम में त्रिलोकीदास साहेब के सान्निध्य में एवं सदगुरू कबीर सत्संग समिति द्वारा आयोजित तीन दिवसीय सत्संग समारोह में विधायक ओंकार साहू शामिल हुए।

इस अवसर पर विधायक श्री साहू ने संत शिरोमणि कबीर की वाणी का स्मरण करते हुए कहा कि कबीर साहेब ने अपने दोहों और साखियों के माध्यम से समाज को सत्य, प्रेम, समानता और मानवता का अमूल्य संदेश दिया। कबीर साहेब की शिक्षाएं आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं, जितनी सदियों पूर्व थीं। वर्तमान समय में जब समाज विभिन्न प्रकार की चुनौतियों का सामना कर रहा है, तब संत कबीर की विचारधारा हमें आपसी सद्भाव, भाईचारे और नैतिक मूल्यों की ओर प्रेरित करती है। विधायक ने कहा कि सत्संग जैसे आयोजन से समाज में सकारात्मक सोच का विकास होता है और लोगों को आध्यात्मिक बल प्राप्त होता है। ऐसे कार्यक्रम सामाजिक समरसता को मजबूत करने के साथ-साथ नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का कार्य भी करते हैं। कार्यक्रम के दौरान संतवाणी का वाचन, भजन-कीर्तन एवं प्रवचन आयोजित किए गए, जिससे श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।

## रत्नाबांधा, मुजगहन में विकास की नई लहर



**धमतरी।** जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 15 रत्नाबांधा, मुजगहन के विकास को एक नई दिशा और गति मिली है। क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांगों को पूरा करते हुए 15वें वित्त एवं जनपद विकास निधि 2025-26 के तहत कुल 7.60 लाख के विभिन्न विकास कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है। क्षेत्र के जनपद सदस्य कीर्तन मीनपाल ने बताया कि इन कार्यों की स्वीकृति से ग्रामीण अंचल में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार होगा। विशेष रूप से स्कूलों में सुविधा, पेयजल व्यवस्था और आवागमन के लिए पक्की सड़कों के निर्माण को प्राथमिकता दी गई है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी
93406-38884
By Train- रिजर्वेशन व स्पेशल पैकेज से
चार धाम यात्रा
हरिद्वार, ऋषिकेश, गंगोत्री
यमुनोत्री, बद्रीनाथ, केदारनाथ
यात्रा दिनांक
18 अप्रैल 2026
02 मई 2026
18 मई 2026
02 जून 2026
14 दिन की यात्रा
ऑफर ₹22,500/-3AC ऑफर ₹29,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
9111111866, 8275757579
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कॉस्मेटिक सर्जरी
झुर्रियां, झांई, दाग, तिल, अनचाहे बाल आदि (आधुनिक लेजर द्वारा), मुहांसे, दाग, नाक, होंठ, ठोड़ी, वक्ष, पेट आदि (प्लास्टिक सर्जरी द्वारा) तथा अंग कटने-जलने की अति विशेष चिकित्सा.
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
स्थायी इलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका,
झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज